दिन—बुधवार दिनांक— 26 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. नेपाल में मूसलाधार बारिश और ग्लेशियर फटने से बिहार में बाढ़ का खतरा। गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले को अलर्ट पर रखा गया।

02 नेपाल में बाढ़ के मद्देनजर पटना में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा — राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

03. पुलिस दीदी योजना के तहत चार हजार सात सौ महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटी का वितरण किया गया। स्कूल—कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

04. और, पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद मिलाद—उन—नबी, धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

नेपाल में मूलसलाधार बारिश और तिब्बत प्रभाग में ग्लेशियर फटने से बिहार में गंडक नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार हाई अलर्ट पर है। राज्य के पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी और शिवहर समेत अन्य जिलों के जिलाधिकारियों को भी स्थिति पर लगातार नजर रखने को कहा गया है। गंडक नदी में संभावित जलप्रवाह को देखते हुए गोपालगंज और बेतिया मे एनडीआरएफ की एक टीम तैनात की गई है। जबकि एक अन्य टीम को मुजफ्फरपुर में स्टैंडबाय पर रखा गया है। वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने निचले इलाकों के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

——साउंड बाइट——

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज पटना में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें संबंधित जिलों को पूरी तरह सतर्क रहने और बचाव एवं राहत से जुड़ी तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

––साउंड बाइट––

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि जल संसाधन विभाग गंडक नदी के प्रवाह पर नजर बनाए हुए है और स्थिति कंट्रोल में है।

––साउंड बाइट––

राज्य सरकार ने लोगों से अपील की है कि संभावित बाढ़ की खबरों को लेकर घबराने या पैनिक करने की जरूरत नहीं है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और बचाव एवं राहत से जुड़े संसाधनों को पहले से तैयार किया जा रहा है। लोगों से सतर्क रहने, प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक निर्देशों का पालन करने और किसी भी तरह की अफवाह पर भरोसा नहीं करने की सलाह दी गयी है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नेपाल में मूसलाधार बारिश और ग्लेशियर फटने से बिहार में उत्पन्न बाढ़ के खतरे को देखते हुए आज मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से टेलीफोन पर बातचीत की। श्री शाह ने कहा कि स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ को तैनात किया जा रहा है। इधर, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ की टीम लोगों को सहयोग कर रही है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा ने कहा है कि राज्य सरकार बाढ़ से बचाव के लिए पूरी तरह तैयार है। श्री सदा ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को राशन और अन्य सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

भागलपुर जिले के नवगछिया स्थित राघोपुर में जल संसाधन विभाग की एक नाव पलटने से इक्कीस मजदूर तेज जलप्रवाह के चपेट में आकर बह गए।

एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्नीस मजदूरों को बचा लिया है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि लापता दो मजदूरों की तलाश जारी है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

नेपाल के रसुवा क्षेत्र में आज सुबह भोटे कोशी नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण तीन सौ चौरासी पर्यटक लापता है। इनमें एक सौ पांच भारतीय शामिल हैं। प्रभावित क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान जारी है। काठमांडू में भारतीय दूतावास ने नेपाल में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित भारतीय नागरिकों की मदद और जानकारी के लिए इमरजेंसी नंबर– **नौ आठ पांच एक तीन एक छह आठ शून्य सात** और **नौ सात शून्य नौ एक शून्य सात पांच शून्य शून्य** जारी किया है।

————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय कुमार झा ने फरक्का संधि पर फिर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। श्री झा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जदयू ने केंद्र सरकार से इस पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस दो हजार छब्बीस समारोह के अंतर्गत **मेरा युवा भारत – माय भारत** की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम बिहार सहित देशभर के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों में युवाओं की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा। यह खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

————————————————————————————

प्रदेश की बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए आज तीन नई पहल की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के ज्ञान भवन से पुलिस

दीदी योजना के तहत चार हजार सात सौ महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटर वितरित किया। इसका उद्देश्य स्कूल–कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि राज्य की बेटियां समृद्ध बिहार की प्रतीक बन रही हैं।

––साउंड बाइट––

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि छात्रों और महिलाओं की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए पुलिसकर्मियों को स्कूटर का वितरण किया गया है।

––साउंड बाइट––

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बालिका पीएचडी फेलोशिप की भी शुरुआत की। इसके तहत लगभग एक हजार छात्राओं को चार वर्षों तक हर महीने दस हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, बिहार की बेटी स्टार्टअप चैलेंज योजना भी शुरू की गयी है। इसके तहत बेटियों को अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए पचास हजार से दो लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने का फैसला किया है। सत्ताईस अगस्त की सुबह छह बजे से अट्ठाईस अगस्त की रात दस बजे तक निगम की सभी श्रेणियों की लगभग एक हजार पचहत्तर बसों में महिलाएं बिना टिकट यात्रा कर सकेंगी। इनमें एसी, नॉन–एसी, डीलक्स, पीएम ई–बस और पीपीपी मोड पर संचालित बसें शामिल हैं। महिलाएं अंतरजिला और अंतरराज्यीय मार्गों पर भी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि चीनी के दामों में वृद्धि पर सरकार लगातार नजर बनाए हुए है। श्री पासवान ने आज पटना में कहा कि सरकार हर स्तर से इसमें धांधली और जमाखोरी की जांच कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप भी लगाया।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने आज सीतामढ़ी सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई कमियां पायी गयीं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पताल में गड़बड़ी पर जिलाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————

इधर, निम्न दबाव के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गयी। पूर्वी चंपारण के मोतिहारी और पटना के मोकामा में लगभग चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चली। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

———————————————————————

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. नेपाल में मूसलाधार बारिश और ग्लेशियर फटने से बिहार में बाढ़ का खतरा। गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले को अलर्ट पर रखा गया।

02 नेपाल में बाढ़ के मद्देनजर पटना में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

03. पुलिस दीदी योजना के तहत चार हजार सात सौ महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटी का वितरण किया गया। स्कूल–कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

04. और, पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद मिलाद–उन–नबी, धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।